आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 29.09.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि मेक इन इंडिया से भारत विनिर्माण का केंद्र बना—उन्होंने लोगों से स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और पौधारोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आज छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

3— केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल. मुरुगन ने आज छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की सौजन्य मुलाकात।

4— बीजापुर जिले में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए विस्फोटक की चपेट में आने से सीआरपीएफ के पांच जवान घायल।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल के कारण भारत विनिर्माण शक्ति केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से निर्धन और मध्य वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बहुत फायदा हुआ है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया पहल की सफलता उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने लोगों से आने वाले त्यौहारों के दौरान देश में बने उत्पाद खरीदने का भी आग्रह किया। रोजगार में बदलावों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नये सेक्टर के उभरने के साथ—साथ रोजगार की प्रकृति भी बदल रही है। श्री मोदी ने क्रियेट इन इंडिया थीम की 25 चुनौतियों के बारे में बताया।

(सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 'क्रियेट इन इंडिया' इस थीम के तहत 25 चैलेंजिस शुरू किए हैं। कुछ चैलेंजिस तो म्यूजिक, एजुकेशन और यहाँ तक कि एंटी पाइरेसी पर भी फोक्सड़ हैं। देश—भर के क्रियेटर्स से मेरा विशेष आग्रह है कि वे इसमें जरूर हिस्सा लें और अपनी क्रियटिविटी को सामने लाएं।)

इस वर्ष दो अक्टूबर को दस वर्ष पूरा कर रहे स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इस मिशन की ही सफलता है कि 'कचरे से कंचन' का मंत्र लोगों में लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब लोगों ने रिडयूस, रियूज और रिसाइकिल की बात करनी शुरू कर दी है। उन्होंने इस मिशन को जन अभियान बनाने वाले लोगों की सराहना की।

पौधरोपण महाअभियान 'एक पेड मां के नाम' में भाग लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे समाज को इसके आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं जो प्रेरणादायी हैं।

प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए कैच द रेन अभियान की भी बात की। मन की बात कार्यक्रम की 114वीं कडी में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कडी उनके लिए विशेष रूप से भावुक कर देने वाली है क्योंकि इसके साथ ही इस कार्यक्रम के दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती से जुडे लोगों की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही ये कार्यक्रम इस महत्वपूर्ण पडाव तक पहुंच सका है।

मन की बात–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज अपने निवास कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के नवाचारी प्रयासों को जानने का महत्वपूर्ण जरिया है। वे मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से इसे देश–दुनिया के सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने "स्वच्छ भारत मिशन" की सफ़लता पर हर्ष जताते हुए देशवासियों को बधाई दी है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से स्वच्छता अभियान में भाग लेने का आह्वान किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

ओलंपिक संघ–अध्यक्ष

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आज छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है। रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की विशेष आमसभा की बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर अशोक कुमार अग्रवाल ने उनके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। वहीं, मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विजय बघेल सहित दस लोगों को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ का निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया है। रिटर्निंग ऑफिसर ने मुख्यमंत्री को अध्यक्ष चुने जाने का प्रमाण पत्र सौंपा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है और राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के साथ ही अधोसंरचना विकास और खिलाड़ियों के हित में फैसले ले रही है। श्री साय ने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक में खेलें और मेडल जीत कर लाएं।

सूचना प्रसारण राज्यमंत्री–दौरा

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल. मुरुगन ने आज अपने एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय राज्यमंत्री डॉक्टर मुरुगन को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

गौरतलब है कि केंद्रीय राज्यमंत्री डॉक्टर एल.मुरुगन एक स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज राजधानी रायपुर के एक दिवसीय दौरे पर आए थे।

केन्द्रीय मंत्री–युवोदय शुभारंभ

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कल राजनांदगांव जिले के ग्राम बरगा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के दौरान "राजनांदगांव युवोदय" का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वीडियो और ओडीएफ प्लस पोस्टर की लॉन्चिग भी की गई। कार्यक्रम में युवोदय बच्चों द्वारा स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक तथा कटआउट प्रदर्शन किया गया। वहीं, स्वच्छता के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजनांदगांव, डोंगरगांव और छुरिया विकासखंड को सम्मानित किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे।

गौरतलब है कि राजनांदगांव युवोदय मातृत्व–बाल स्वास्थ्य और पोषण, जलसंरक्षण तथा सम्पूर्ण स्वच्छता और अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम के लिए लांच किया गया है।

जवान–घायल

बीजापुर जिले में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए विस्फोटक की चपेट में आने से सीआरपीएफ के पांच जवान घायल हो गए हैं।

बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि यह घटना जिले के तर्रेम क्षेत्र में चिन्नागेलूर कैम्प के पास हुई। ये जवान जब इस इलाके में तलाशी अभियान पर निकले थे, इसी दौरान जवानों को रास्ते में विस्फोटक मिला। निष्क्रिय करने के दौरान इसमें विस्फोट हो गया, जिससे पांच जवान घायल हो गए। घायल जवानों को इलाज के लिए बीजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जवान–स्वागत

राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में भारतीय सेना द्वारा पांच और छह अक्टूबर को ''नो योर आर्मी मेले'' का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में आम जनता को भारतीय सेना को करीब से जानने का मौका मिलेगा। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को भी इस मेले को दिखाने की व्यवस्था की जाएगी। इस मेले में भारतीय सेना के हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन होगा। साथ ही सेना के जवान अपने अद्‌भुत रणकौशल का प्रदर्शन भी करेंगे।

इस बीच, इस मेले में भाग लेने के लिए भारतीय सेना के जवान आज रायपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन में कलेक्टर गौरव कुमार सिंह तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इन जवानों का स्वागत किया।

स्वच्छता ही सेवा

''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के तहत प्रदेश में इन दिनों स्वच्छता संबंधी अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के अंतर्गत श्रमदान किया। उन्होंने रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। साथ ही लोगों को स्वच्छता में सहभागिता के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों को ईएसआईसी कार्ड और पीपीई किट प्रदान किए।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान से लोगों में जागरुकता आई है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल करने शासन–प्रशासन के प्रयासों के साथ ही सक्रिय जन सहभागिता जरूरी है।

उधर, कोंडागांव जिले में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत ट्रेनी बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही साइकिल और बाइक रैली भी निकाली, जिसे नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में लगभग पांच सौ लोगों ने हिस्सा लिया।

इस बीच, कांकेर जिले के रहने वाले जाने–माने काष्ठ शिल्प कलाकार और पद्‌मश्री अजय कुमार मंडावी ने लोगों से स्वच्छता ही सेवा अभियान से जुड़कर आसपास की सफाई करने की अपील की है।

महादेव ऑनलाइन सट्टा–आरोपी

महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में दुर्ग जिले की भिलाई पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, इस मामले में दो मुख्य आरोपी फरार हैं। फरार आरोपियों के खिलाफ भी अपराध दर्ज कर लिया गया है। चारों मिलकर ऑन लाइन सट्टे का संचालन कर रहे थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए इन दोनों आरोपियों के खातों से एक करोड़ रूपए से ज्यादा की राशि लेन–देन हुआ है, जिसे होल्ड कर दिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

– जांजगीर–चाम्पा जिले की सिटी कोतवाली पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर आठ लाख रुपये की ठगी करने वाले फरार आरोपी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व के अवसर पर छह स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।

– जांजगीर–चाम्पा जिले के करनौद गांव में खनिज विभाग की टीम ने रेत का अवैध परिवहन करने वाले तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>